Postal Registration No. CHD/0107/2018-2020 Posted at MBU Chandigarh RNI No. CHABIL/2000/3469

हिन्दी/अंग्रेजी मासिक पत्रिका

दीन बन्धु सर छोटूराम

जाट लहर

जाट सभा, चण्डीगढ़ के सौजन्य से प्रकाशित

वर्ष 19 अंक 06 30 जून, 2019 मूल्य 5 रुपये

प्रधान की कलम से

यौन उत्पीड़न की व्यथा-कथा



डा. महेन्द्र सिंह मलिक

आज सम्पूर्ण राष्ट्र में महिलाओं विशेषकर मासूम बच्चीयों के विरूद्ध अपराधों में चिंताजनक वृद्धि हो रही है। भ्रुण हत्या से लेकर बच्चीयों तक को बख्शा नहीं जा रहा। नारी पर बलात्कार, मार पिटाई, दहेज प्रताड़ना और हत्याएं आम हो रही हैं। समझ में नहीं आता कि ऐसी अध्यात्मक धरा भटक कर कहां जा रही है। सुबह कन्या पूजन होता है, दोपहर तक बलात्कार और हत्या तक हो जाती है। यह समाज के दोगलापन की पराकाष्ठा नहीं तो क्या है? हरियाणा के कई देहात तो ऐसे भी हैं जहां स्त्री-पुरूष अनुपात आधा भी नहीं है। राज्य के 2400 देहात में 2013 के दौरान एक भी लड़की पैदा नहीं हुई। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की बात हो रही है लेकिन बेटी का तो अस्तित्व ही अधर में है।

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार कुल 7363 गावों में से 3974 में स्त्री-पुरूष अनुपात 1000 में 500 से भी कम है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राष्ट्र में 623.7 मिलीयन पुरूषों के मुकाबले 586.5 मिलीयन महिलाएं हैं जबकि युरोप में 100 महिलाओं के पीछे 95 पुरूष हैं। हाल ही में एक अमेरिकन देश में कम से कम दो पत्नीयों का फरमान सोशल मिडीया पर घूम रहा है क्योंकि पुरूष संख्या कम हो गई है और स्त्री संख्या बढ़ने से शादी की समस्या पैदा हो गई है। भारत की आबादी में 60 मिलीयन स्त्रीयों की कमी है जो कि ब्रिटेन की कुल आबादी के बराबर है। जनगणना 2011 के अनुसार 6 वर्ष तक के आयु वर्ग में 100 लड़कियों के पीछे 108 लड़के थे और हरियाणा में 120, पंजाब में 118, उत्तराखंड में 115, जम्मु काश्मीर 116, गुजरात में 111 है। मैडीकल रिपोर्ट के अनुसार 80 हजार महिलाएं हर वर्ष गर्भपात की शिकार होती है। प्रतिदिन 2000 कन्या भ्रुणहत्या की बलि चढ़ जाती हैं। केवल 5 वर्ष तक की आयु तक ही 75 प्रतिशत कुपोषण का शिकार होकर दुनिया को अलविदा कर जाती हैं। क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार 2005 के सर्वेक्षण में हर तीन मिनट में एक महिला जुल्म का शिकार होती है। हर 15 मिनट में छेड़खानी और 53 मिनट में यौन शोषण, 23 मिनट में जोर जबरदस्ती और हर 20 मिनट में बलात्कार की शिकार हो रही हैं। मात्र 10 में से 4 महिलाएं घरेलू हिंसा, 45 प्रतिशत अपने जीवन में एक बार शारीरिक व मनोवैज्ञानिक हिंसा की शिकार होती हैं।

33वीं ऑल इंडिया शहीद भगत सिंह ट्रॉफी अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता के अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. एम.एस. मलिक, पूर्व डीजीपी हरियाणा को सम्मानित करते हुए पूर्व सांसद वी. हनुमंथा राओ, चेयरमैन, ऑल इंडिया क्रिकेट एसोसिएशन।

शेष पेज-2 पर

Bhai Surender Singh MALIK Memorial All India Essay Writing Competition on 04-7-2019



Jat Sabha, Chandigarh has been organising 'Bhai Surender Singh Malik Memorial All India on the Spot Essay Writing Competition' for the College, University & 10th, 10+1 and 10+2 students every year. This competition is dedicated to the students in the sweet and everlasting memory of late Sh. Surinder Singh Malik, Electronic Engineer, who met with a Fatal car accident in the prime of his life (23 years) on June 5, 1993 and succumbed to the injuries on July 19, 1993. Rani of Jhansi died at the age of 23. Alexander the great died at the age of 23, Florence Nightingale died at the age of 23 and Shefali Chaudhary too died at the age of 23. We are thus reminded of the sad saying "Those whom God loves, die young. During his short of life, he had held high principles and moral values and the award is to envisage his high principles of life. The award will only go to the deserving and meritorious students whose essays are evaluated best by the judges. To keep his memory alive and to develop faith and trust in the younger generation, this competition is being held every year. Inspite of all the odds an effort has been made to show his silver lining in the black clouds to the students so that they develop a belief in themselves by winning the award. The competition is financed by Bhai Surender Singh Malik Institute of Medical Science and Educational Research, Nidani, District Jind Haryana. This prestigious competition carries the prizes for urban and Rural categories. This competition will be held on 04-7-2019.

विस्तृत पृष्ठ 11 पर 1

शेष पेज–1

क्राईम रिकार्ड ब्यूरों के अनुसार वर्ष 2010 से बलात्कार और अपराधिक यातनाओं में 7 प्रतिशत वृद्धि हुई है। वर्ष 2012 में 24923 बलात्कार केस दर्ज हुए और 2013 में 33707 दर्ज हुए। हरियाणा जैसे छोटे प्रांत में भी महिलाओं के अपहरण के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। पहले साल 1664, दूसरे साल 2330, तीसरे साल 3055 और चौथे साल 5614 दुष्कर्म के केस दर्ज किए गए हैं। इसी तरह पहले साल छेड़छाड़ के 1853, दूसरे साल 1774, तीसरे साल 1991 और चौथे साल 2320 मामले थानो में दर्ज हुए हैं। हरियाणा में महिलाएं आज भी दहेज उत्पीड़न का शिकार हैं। सिंतबर 2014 से सितंबर 2017 के बीच चार सालों में दहेज उत्पीड़न की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। पहले साल 3408, दूसरे साल 3341, तीसरे साल 2493 और चौथे साल सितंबर माह तक 2896 मुकदमें दर्ज किए जा चुके हैं।

इंसान अपनी इंसानीयत भूल चुका है। दो, पांच व आठ वर्ष की अबोध बच्चीयों को भी नहीं बख्शा जा रहा है। ऐसे केसों में अपराधी अक्सर घर का या घर का करीबी ही होता है। गत वर्ष चंडीगढ में ही एक 10 वर्षीय बच्ची ने बच्चे को जन्म दिया था और बलात्कारी सगा चाचा तीन बच्चीयों का पिता है। सामाजिक दबाव में वह अब बेशक सलाखों के पीछे है फिर भी परिवार को मानवता की दुहाई दी जा रही है। ऐसे अपराध अक्सर सामाजिक बंधनों और हमारी मनोवैज्ञानिक सोच की वजह से रिपोर्ट भी नहीं होते और अपराधी का हौंसला बुलंद और अपराधों की श्रंखला बना देता है। वर्ष 2012 में दिल्ली में बलात्कार के 585 केस दर्ज हुए थे, 2014 में 441 मामले दर्ज हुए। वर्ष 2012 में ही मुंबई में 391, जयपुर में 192, पुणे में 171 तथा वर्ष 2013 में मध्य प्रदेश ने रिकार्ड बनाया और 4335 बलात्कार के केस दर्ज हुए। राजस्थान में 3288, महाराष्ट्र में 3063, उत्तर प्रदेश में 3050 तथा तमिलनाडू में 923 दर्ज हुए। यह सब भयावह सत्य सरकार की दोगली नीतियों, मानवता के खोखलापन, पुलिस की उदासीनता और ढ़िली–ढ़ाली न्याय प्रक्रिया के कारण हो रहा है। बच्चों के बलात्कार में तो केवल पुष्टि ही काफी होती है लेकिन अक्सर अपराधी का रूतबा, पैसा या पारिवारिक दबंगता और अधिवक्ताओं के कानूनी दाव पेंच तथा चयन न्यायपालिका और पुलिस उदासीनता की भेंट चढ़ जाती हैं तथा उत्पीड़िता आज के आधुनिक समाज में भी पुरूष प्रभुत्व की बलि चढ़ जाती है और अबला, निर्बला, असहाय कभी बाप, पति, भाई या बोस के जुल्मो सितम सहने को मजबूर कर दी जाती हैं। यौन उत्पीड़ित बालिकाओं का तो और भी बुरा हाल है क्योंकि अबोध कहां जाएं, किससे फरियाद करें। अगर किसी अनाथालय में भेजी भी जाएं तो वहां उससे भी बुरा होगा और वैसे भी वे पारिवारिक स्नेह के बिना रह नहीं पाती। वर्ष 2012 में 17 वर्ष तक की आयु वर्ग की लड़कियों के साथ यौन शोषण व बलात्कार की 8541 घटनाएं हुई जो कि वर्ष 2016 में बढ़कर 19765 आंकी गई। दिल्ली में 2012 में निर्भया कांड के बाद सख्त कानून बनने के बाद भी राष्ट्र में प्रतिदिन बलात्कार के 106 मामले दर्ज हुए हैं जिनमें 40 प्रतिशत पीड़ित लड़कियां हैं।

स्त्री को बराबरी का हक देने की हामी तो भर ली लेकिन 60 वर्षों के बाद पुरूष का ही प्रभुत्व हर जगह है। बड़े–बड़े दमगजे मारने वाली पार्टी अभी तक संसद में महिला प्रतिनिधित्व विधेयक को पारित नहीं होने देती जबकि उसी पार्टी की आयरन लेडी प्रधानमंत्री भी रह चुकी है। धर्म–जाति, संप्रदाय, क्षेत्रीयता ना जाने कितने मुद्दों पर सियासत हो रही है। अरबों रूपये पानी की तरह बहाए जा रहे हैं लेकिन समाज का अभिन्न अंग, मानवता का आधार पूजनीय ममतामयी देवी लक्ष्मी आज शिक्षा के मंदिरों तक में भी सुरक्षित नहीं है, यहां रक्षक ही भक्षक बन जाते हैं।

बलात्कार जैसे घिनौने अपराध अधिकतर गरीब महिलाओं के साथ होते हैं, जिनकी सुनवाई, रुसवाई किसी दरबार या सरकार में नहीं होती। पुलिस भी दबंगों का साथ देती है। कोलकाता के हुबली जिले में खजूर दह सरकारी पुर्नवास गृह में मानसिक तौर पर कमजोर महिला से बलात्कार तथा उसकी हत्या हो गई। जांच में खुलासा हुआ कि वहां 15 वर्ष तक की मानसिक विकृत, मूक बधीर लड़कियों के साथ हर रोज जोर–जबरदस्ती हो रही थी और फ्री फार आल का आलम था। छत्तीसगढ़ में 500 महिलाओं के गर्भाशय निकाल दिए गए और प्रशासनिक विभाग भी चुप रहा। हाल ही में 26 अप्रैल को राजस्थान के अलवर जिले में एक दलित दंपति को रोककर पति के सामने महिला के साथ 6 लोगों द्वारा बलात्कार किया लेकिन इस घिनौने कृत्य की 7 मई तक भी पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।

ऐसा भी नहीं है कि अंधेर नगरी, चौपट राज ही है। कन्या भ्रूण हत्या रोकने को सरकार और संस्थाएं आगे आई हैं लेकिन मात्र कानून पूर्ण रूप से कामयाब नहीं होगा। सामाजिक सोच, मान्यताओं को बदलना होगा। तालीबानी निर्णयों के लिए बदनाम खापें इस सामाजिक कलंक को मिटाने हेतू एक मंच पर आई हैं। कोख चोरों पर धारा 302 में मुकदमें दर्ज होगें। यह शुरूआती है लेकिन एक सकारात्मक कदम है क्योंकि जब जागे तभी सवेरा है। सभी सरकारी गैर सरकार संस्थाओं में 50 प्रतिशत महिला भागीदारी सुनिश्चित हो ताकि महिला आत्म निर्भर होकर सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सके।

आज के दिन स्थिति भयावह है क्योंकि बच्चों के रेप के मामलों में सजा तक का अंजाम केवल 29.6 प्रतिशत है और न्यायालयों में लंबित 89 प्रतिशत है। बच्चीयों के केस में ज्यादा मैडीकल का भी झंझट नहीं है जिसमें मात्र पुष्टि और अपराधी का नाम ही सजा के लिए काफी है फिर भी इसमें उदासीनता क्यों? पुलिस, न्यायपालिका और समाज अपने कर्त्तव्यों की इतिश्री मान लेता है और रहती कसर अपनी लोकप्रियता के चक्र में मीडिया ऐसे काम कर जाता है कि उत्पीड़ित सामाजिक उत्पीड़न का भी शिकार हो जाता है। हर कोई लिप्स–सांत्वना के दो मीठे बोल बोलकर खुद उस कष्ट कलेश को बढ़ाने में ही सहयोगी होता है।

अमृत और मृत्यु दोनों ही इस शरीर में स्थित हैं। मनुष्य मोह से मृत्यु को और सत्य से अमृत को प्राप्त होता है। –वेद व्यास

सर्वोच्च न्यायालय ने दो अंगुली टैस्ट बंद करने के आदेश पारित किए हुए हैं लेकिन आज भी यह धड़ल्ले से हो रहे हैं क्योंकि कई राज्यों में तो फौरेंसिक प्रयोगशालाओं की कमी या सक्षम ही नहीं हैं, पुलिस भी पूरी प्रक्रिया की जानकार नहीं है इसलिए अक्सर साक्ष्य आधे-अधूरे एकत्रित कर अपनी कारगुजारी कर लेती हैं जो न्यायालय में जाते ही फेल हो जाती है। मौत की सजा अमेरिका तक में गैर संवैधानिक है। न्यायधीश के हाथ बंधे हैं कि बलात्कारी को 20 वर्ष कैद देनी ही है। जिसमें उसका विवेक नहीं है। अत: वह भी पुलिस की तरह अपनी कार्यवाही की इतिश्री ही उचित मानता है।

भारत सरकार ने 12 वर्ष से नीचे आयु वर्ग में बलात्कार की सजा मौत तय की है। इस कानून के तहत अन्वेषण अवधि में भी कमी कर दो से तीन माह ही कर दी है। किसी-किसी केस को छोड़कर 1983 से लेकर आज तक बहुत सारे विधेयक संशोधन किए गए हैं। बच्चों को अपराध से बचाने हेतू पाक्सो एक्ट नवंबर 2012 में लागू किया गया था लेकिन अब तक हुए संशोधनों को ध्यान में रखना अनिवार्य है ताकि मुजरिम ना छूटे और बेगुनाह ना मारा जाए। इस कानून में स्पष्ट है कि प्रथम दृष्टया रिपोर्ट (एफ आई आर) रेप रिपोर्ट किसी महिला पुलिस अधिकारी द्वारा ही दर्ज की जानी चाहिए ताकि पीड़ित मानसिक तौर से बातचीत में अपनापन महशुश कर सके। राष्ट्रीय क्राईम ब्यूरो के अनुसर अभी महिला अधिकारियों की कमी है इसलिए यह शर्त पूर्णतया लागू करना असंभव है। क्षेत्रीय अंसतुलन और भी भयावह है। महाराष्ट्र तथा तमिलनाडू में महिला पुलिस 30 प्रतिशत के करीब है, आंध्र प्रदेश तथा मध्य प्रदेश में मात्र 5 प्रतिशत ही है। हरियाणा तथा पंजाब में महिला पुलिस केवल 5 से 7 प्रतिशत तक ही सीमित है। दोनों ही प्रदेश महिला विरूद्ध अपराधों की श्रंखला में राष्ट्र भर में अग्रणीय हैं। हरियाणा में तो 21 महिला पुलिस थाने भी बनाए गए हैं लेकिन संगीन अपराध रोकने में प्रादेशिक सरकार फिर भी विफल रही है। राष्ट्र भर में महिला पुलिस की बढोतरी 10456 से 11367 ही हो पाई है जबकि कुल 15000 थाने हैं। अत: हर थाने में एक महिला तक नहीं है। पीड़िता के बयान दर्ज कर उसके सहज स्थान पर शर्त भी पूरी तरह व्यवहारिक नहीं है। पाक्सो एक्ट में यह साबित करना भी अनिवार्य है कि पीड़िता 18 वर्ष से कम आयु वर्ग की है। खेद है कि इस परिधि को पूर्णतया सर्वोच्च न्यायालय में कई बार स्पष्ट किया है कि जन्म प्रमाण पत्र या स्कूल सर्टीफिकेट लेना अनिवार्य है ताकि मैडीकल परीक्षण उसी नजरीए से करवाया जा सके क्योंकि न्यायालय के निर्देश अभी विधेयक नहीं हैं तथा कानून की पूर्ण अनुपालना नहीं हो रही है, विशेषतया देहात में। थोड़ी सी कोताही ही डिफैंस को अपनी बात मनवाने में मददगार साबित हो सकती है। डी एन ए प्रयोगशालाओं की कमी भी अक्सर अन्वेषण में बाधक बन जाती है। बच्चों के रेप करीबी रिश्तेदार द्वारा हुआ हो, उसे जानते हुए भी बच्चा घर पर सुरक्षित नहीं है, उसे अनाथालय नहीं भेजा जा सकता।

विडंबना यह भी है कि नारी के विरूद्ध अपराध में सर्वाधिक भागीदारी भी एक महिला की ही होती है। दहेज उत्पीड़न के किस्सों में तो अक्सर महिलाओं की भूमिका सर्वोपरि रहती है। मेरी पुलिस सेवा के दौरान दहेज उत्पीड़न, दहेज हत्या कई बार अपहरण और बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों में दर्ज केसों की पैरवी में सिफारिश करने पंचायतें आती थी। अक्सर लड़की पक्ष वाले लड़की की ननद और सास का नाम जरूर लिखवाते थे और पंचायतें मेरे पास उसी नाम को हटाने की सिफारिश लेकर आती थी कि कंवारी लड़की को बचाओ अन्यथा उसकी शादी में दिक्कत आएगी। एक बार तो भाभी ने ही अपहरणकर्ताओं को 50 हजार रूपये देकर 15 वर्षीय अपनी ननद का ही अपहरण करवा दिया। हमारा समाज उत्पीड़ित महिला को ताने देता है उसे व्याभिचारी और कुलटा की संज्ञा दी जाती है और उत्पीड़िता को ही कलंकित माना जाता है। ग्रामीण भारत में कन्याओं से घर पर ही सौतेला व्यवहार किया जाता है। लड़कों को दूध-मलाई लेकिन लड़की को सुखी रोटी और लड़का किसी काम को हाथ नहीं लगाएगा केवल धौंस जमाएगा। लड़की को बचपन में ही चुल्हे का काम सौंप दिया जाता है कि पराया धन है, सीखेगी नहीं तो सास ननद उलाहना देंगी, यह हर घर की आवाज है। आज औरत पढ़ लिखकर पुरूष से कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में अग्रणीय भूमिका निभा रही है लेकिन आजादी के नाम पर उसकी कमाई पर तो सुसराल पक्ष का ही हक है, वे अपनी मर्जी से कहीं आ-जा भी नहीं सकती। यहां तक कि अपने बाप से मिलने तक के लिए उसे अपने सुसराल से याचना करनी पड़ती है।

विश्व स्तर पर महिलाएं एडस जैसे खुंखार बीमारियों से ग्रस्त हैं। भारत की कुल आबादी के 70 प्रतिशत औरतें गरीबी का जीवन बसर कर रही हैं। वर्ष 2000 में 5 लाख औरतें प्रसूति के दौरान ही स्वर्ग सिधार गई। संसद में महिला संख्या 10 प्रतिशत के करीब है और जजों की संख्या मात्र 4 प्रतिशत है। महिला प्रशासनिक अधिकारियों की संख्या 3 प्रतिशत है। वर्ष 2001 से 2005 तक पुलिस बल में महिला सहभागिता 10 प्रतिशत करने की बात थी लेकिन यह प्रस्ताव अतीत की तरह ठंडे बस्ते का शिकार हो गया। आज राष्ट्र की करीब 90 प्रतिशत औरतें विभिन्न स्त्री रोगों से ग्रस्त हैं। राष्ट्र के दैनिक 20 बच्चे बलात्कार और 42 बच्चे अपहरण का शिकार हो रहे हैं। इनमें से अधिकतर मामले उत्तर प्रदेश, दिल्ली तथा हरियाणा के हैं। सामाजिक लोक लाज की वजह से अक्सर कांड रिपोर्ट ही नहीं किए जाते। ऐसे में अपराधी बेखौफ, बेधड़क होकर सामान्य जीवन व्यतीत कर रहा है। बंगाल की मुख्यमंत्री एक महिला है फिर भी महिला विरूध अपराधों में भी बंगाल ही सबसे उपर के पायदान पर है। आंध्र प्रदेश दूसरे स्थान पर है लेकिन मध्य प्रदेश और हरियाणा के कीर्तीमान भी कम नहीं हैं।

कन्या भ्रूण हत्या, महिला विरूध अपराधों की बुराई को खत्म करने के लिए पी एन डी टी एक्ट 1994 तथा अन्य कानूनों द्वारा प्रदत्त प्रावधानों को सुचारू रूप से लागू करना होगा। इसके साथ ही सामाजिक मानसिकता विशेषकर महिलाओं की सोच

मनुष्य की बुराइयां दीर्गजीवी और अच्छाइयां अल्पायु होती हैं। –शेक्सपीयर

को बदलना होगा ताकि पुत्र की चाहत, वंश बढ़ाने की चिंता, अंतिम क्रियाक्रम पुत्र द्वारा किए जाने के संकीर्ण रूढ़िवादी विचारधाओं से समाज को उभारा जा सके। मध्यम वर्गीय परिवार के लिए लड़की की शादी को लेकर समस्या बन रही मंहगाई व लगातार बढ़ रही दहेज की मांग पर भी कानून द्वारा अंकुश लगाने की जरूरत है। महिला सशक्तिकरण कन्या भ्रूण हत्या व महिला विरूद्ध अपराधों को रोकने में काफी कारगर हो सकता है इसलिए पुलिस बलों, सुरक्षा बलों, सभी सरकारी सेवाओं तथा देश की संसद में महिलाओं की 50 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए ताकि महिला वर्ग आत्म निर्भर होकर सम्मान से निर्णय ले सके। इसके इलावा पुलिस व कानूनी तंत्र के साथ युवा वर्ग का आन लाईन तकनीकी तालमेल, पुलिस तंत्र के साथ युवा सलाहकार समितियां बनाकर, युवा वर्ग के तालमेल से समस्या निराधारण दृष्टिकोण के साथ क्राईम रोकथाम के लिए युवा क्राईम निरोधक वैबसाईट बनाकर पुलिस अधिकारियों को अपराधों के प्रति प्रशिक्षण देकर , उचित सुरक्षा तथा युवा वर्ग के तालमेल को सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक पुलिस स्टेशन में युवाओं से तालमेल स्थापित करने आदि कार्यक्रमों द्वारा पुलिस तंत्र को महिला विरूद्ध हो रहे विभिन्न अपराधों को नियंत्रण करने हेतू सक्षम बनाया जा सकता है। इसी दिशा में प्रांतीय सरकारों को पुलिस विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग में आपसी तालमेल और निरंतर सहयोग में बढ़ावा देने के लिए कारगर कदम उठाने की आवश्यकता है।

डॉ0 महेंद्र सिंह मलिक
आई.पी.एस. (सेवा निवृत)
पूर्व पुलिस महा निदेशक हरियाणा,
प्रधान अखिल भारतीय शहीद सम्मान संघर्ष समिति एवं
जाट सभा, चंडीगढ व पंचकुला

आधी आबादी को असली हक मिलना अभी बाकी

-डॉ. महेंद्र सिंह मलिक

हाल फिलहाल में महिलाओं से जुडी दो खबरें चर्चा में रही हैं। एक तो हालिया लोकसभा के चुनावों में महिला सांसदों की संख्या और दूसरा कठुआ गैंगरेप और हत्या मामले में अदालत का फैसला। पहले इन दोनों पर चर्चा करेंगे और इसके बाद देश-प्रदेश में महिलाओं की स्थिति और सुरक्षा पर भी बात होगी। बड़ा सवाल यही है, क्या देश में महिलाएं सुरक्षित हैं? और सबसे बडी उम्मीद जो देश की महिलाएं रख रही हैं वो ये है कि आखिर महिलाएं सशक्त कैसे होंगी?

लोकसभा चुनाव में इस बार सर्वाधिक महिलाएं चुनकर संसद में पहुंची हैं। आधी आबादी का प्रतिनिधत्व करने वाली महिलाए ससंद की कुल 543 निर्वाचित सांसदों में 78 की संख्या है। चुने गए सांसदों में से सबसे कम उम्र की सांसद भी एक महिला ही है। ओडिशा से इस बार सबसे ज्यादा 33 प्रतिशत महिला उम्मीदवार संसद पहुंची हैं। इतना ही नहीं ओडिशा ने सबसे कम उम्र की महिला सांसद को भी लोकसभा भेजा है। ओडिशा की ओर से संसद में देश की सबसे कम उम्र की महिला सांसद 25 वर्षीय चंद्राणी मुर्मू पहुंची हैं। मुर्मू ने इंजीनियरिंग की है। वह बीजू जनता दल (बीजद) के टिकट पर क्योंझर लोकसभा सीट (आरक्षित) से चुनाव लड़कर सदन पहुंची हैं। वैसे चुनीं गई कुल 78 महिला सांसदों में बीजेपी की 40 महिला सांसद हैं, तृणमूल कांग्रेस की 9 सांसद हैं कांग्रेस की 6 सासंद हैं बीजेडी की चार, वाईएसआर की चार इसके अलावा दो दलों की 2-2 महिलाएं और करीब 9 दलों की 1-1 महिला उम्मीदवार संसद पहुंची हैं। इसमें औसत के हिसाब से मानें तो बीजू जनता दल के 12 सांसदों में से 5 महिलाएं हैं. इस बार वहीं चुने गए सांसदों के स्ट्राइक रेट की बात करें तो महिलाओं की जीत का स्ट्राइक रेट काफी ज्यादा है। बीजेपी की महिला उम्मीदवारों का स्ट्राइक रेट 74.1 प्रतिशत रहा तो वहीं पुरूष सांसदों का स्ट्राइक रेट 68 प्रतिशत रहा। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी और डीएमके ने जिन महिला सांसदों को टिकट दिया था, सभी जीतकर संसद पहुंचीं हैं वहीं कांग्रेस की महिला उम्मीदवारों का स्ट्राइक रेट सबसे ज्यादा खराब रहा। जीती हुई 78 उम्मीदवारों में से 30 उम्मीदवार ऐसी हैं, जो 1 लाख या उससे ज्यादा वोटों के अतर से जीतीं हैं। इनमें सबसे कम वोट प्रतिशत से सुल्तानपुर की बीजेपी प्रत्याशी मेनका गांधी जीती हैं जिनका अंतर मात्र 14500 रहा। वहीं सबसे ज्यादा अंतर 5,89,177 से वडोदरा से बीजेपी उम्मीदवार रंजनबेन भट्ट जीतीं हैं।

17वीं लोकसभा में महिला सांसदों की अब तक की सबसे ज्यादा भागीदारी के साथ ही उनकी संख्या कुल सदस्य संख्या का 17 प्रतिशत हो गई है जो 33 प्रतिशत का अभी आधा भी नहीं है। इन लोकसभा चुनावों में कुल 8049 उम्मीदवार मैदान में थे जिनमें 724 महिलाएं थीं। 16वीं लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या 64 रही। इनमें से 28 मौजूदा महिला सांसद चुनाव मैदान में थीं। जिन प्रमुख सांसदों को इन चुनावों में हार का मुंह देखना पड़ा उनमें सपा की डिंपल यादव और भाजपा की जया प्रदा शामिल हैं। चुनावों में नर्दिलीय महिला उम्मीदवारों की संख्या 222 थी वहीं चार ट्रांसजेंडर उम्मीदवारों ने भी नर्दिलीय चुनाव लड़ा।

अब मैं फिर से वही सवाल करूंगा जो शुरुआत में किया था देश की संसद में इस बार सर्वाधिक महिलाएं चुनकर

पहुंची हैं उससे क्या वो सशक्त बनेंगी?

अब बात करते हैं एक दूसरी खबर की। देश को हिला देने वाले कठुआ में बच्ची के साथ कई दिनों तक शारीरिक उत्पीडन के बाद उसकी हत्या करने वालों को सजा मिली है। पिछले साल की शुरुआत में पूरे देश को झकझोर देने वाली जम्मू-कश्मीर के कठुआ में हुई रेप और मर्डर की घटना पर आज फैसला सुनाया गया। 8 साल की बच्ची के साथ रेप करने वाले कुल सात में से 6 आरोपियों को दोषी करार दिया है। इनमें से तीन को उम्रकैद और अन्य तीन को 5-5 साल की सजा सुनाई गई है. जिन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है, उनमें सांझी राम, दीपक खजुरिया और परवेश शामिल हैं जबकि तिलक राज, आनंद दत्ता और सुरेंद्र कुमार को 5-5 साल कैद की सजा सुनाई गई है। इससे पहले पठानकोट की अदालत ने मुख्य आरोपी सांजी राम समेत अन्य 6 आरोपियों को दोषी करार दिया. सातवें आरोपी विशाल को बरी कर दिया गया है। इन सभी आरोपियों की सजा का ऐलान कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर में कठुआ सामूहिक दुष्कर्म और हत्या मामले में फैसला आने के दूसरे दिन मंगलवार को पीड़ीता की मां ने कहा कि थोड़ा सुकून पहुंचा है। लेकिन जैसे उसकी बेटी को मारा गया वैसे दोषियों को भी फांसी की सजा सुनाई जाए। उनका कहना था कि आठ साल की बच्ची को चांटा मारने से पहले हम कई बार सोचते हैं, कोई कैसे एक मासूम बच्ची को मार सकता है। मां के अनुसार, फैसले से थोड़ी राहत मिली है, लेकिन वह खुश नहीं है क्योंकि वह चाहती हैं कि दोषियों को फांसी की सजा दी जाए। फांसी इसलिए कि हमारे भी दिल को थोड़ा सुकून मिल सके। आंखों में उदासी लिए वह एक ही बात कहती रही कि बच्ची के साथ जो हुआ उससे हमारा कलेजा तक कांप गया, हमें और कुछ नहीं चाहिए बस हमारी बच्ची को इंसाफ मिले। हमारी बेकसूर आठ साल की बच्ची के साथ गलत हुआ है, अपराधियों को फांसी मिले ताकि पता चले कि ऐसी गलती करने का क्या नतीजा होता है।

ये सच है कि जब महिलाओं के लिए कोई अच्छी खबर देश में मिले तो संतोष मिलता है और जब महिला विरूद्ध अपराध पर सजा मिलती है तो कानून में विश्वास बढता है। संसद में इस बार इतनी महिलाओं का चुना जाना और एक बडे अपराध में दोषियों को सजा मिलना दोनों ही महिलाओं को हिम्मत देगा लेकिन अभी बहुत काम किया जाना बाकी है। असल में महिलाओं को अपने अधिकारों का ही ज्ञान नहीं है। बिना अधिकारों की जानकारी के महिलाओं को सशक्त नहीं बनाया जा सकता है। साधारण शब्दों में महिलाओं के सशक्तिकरण का मतलब है कि महिलाओं को अपनी जिंदगी का फैसला करने की स्वतंत्रता देना या उनमें ऐसी क्षमताएं पैदा करना ताकि वे समाज में अपना सही स्थान स्थापित कर सकें। भारत का संविधान दुनिया में सबसे अच्छा समानता प्रदान करने वाले दस्तावेजों में से एक है। यह विशेष रूप से लिंग समानता को सुरक्षित करने के प्रावधान प्रदान करता है।

आज महिलाएं अपने कैरियर को लेकर गंभीर हैं, हांलाकि, मानसिक, शारीरिक और यौन उत्पीड़न, स्त्री द्वेष और लिंग असमानता इनमें से ज्यादातर के लिए जीवन का हिस्सा बन गई हैं। आज के अंक में हम महिलाओं के इन अधिकारों की ही जानकारी देंगे, जिनको जानकर और अपनाकर न केवल महिलाओं का जीवन सुखद हो सकता है बल्कि उनके विरूद्ध अपराध में भी कमी लाई जा सकती है।

देश के कानून में महिलाओं को दिए गए हैं ये अधिकार-

- समान वेतन का अधिकार- समान पारश्रिमिक अधिनियम के अनुसार, अगर बात वेतन या मजदूरी की हो तो लिंग के आधार पर किसी के साथ भी भेदभाव नहीं किया जा सकता।

- वर्किंग प्लेस में उत्पीड़न के खिलाफ कानून- यौन उत्पीड़न अधिनियम के तहत आपको वर्किंग प्लेस पर हुए यौन उत्पीड़न के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने का पूरा हक है। केंद्र सरकार ने भी महिला कर्मचारियों के लिए नए नियम लागू किए हैं, जिसके तहत वर्किंग प्लेस पर यौन शोषण की शिकायत दर्ज होने पर महिलाओं को जांच लंबित रहने तक 90 दिन की पेड लीव दी जाएगी।

- मातृत्व संबंधी लाभ के लिए अधिकार- मातृत्व लाभ कामकाजी महिलाओं के लिए सिर्फ सुविधा नहीं बल्कि ये उनका अधिकार है। मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 के तहत मैटरनिटी बेनिफिट्स हर कामकाजी महिलाओं का अधिकार है। मैटरनिटी बेनिफिट्स एक्ट के तहत एक प्रेग्नेंट महिला 26 सप्ताह तक मैटरनिटी लीव ले सकती है. इस दौरान महिला के सैलरी में कोई कटौती नहीं की जाती है।

- कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ अधिकार- भारत के हर नागरिक का ये कर्तव्य है कि वो एक महिला को उसके मूल अधिकार-'जीने के अधिकार'का अनुभव करने दें। गर्भाधान और प्रसव से पूर्व पहचान करने की तकनीक (लिंग चयन पर रोक) अधिनियम कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ अधिकार देता है।

- संपत्ति पर अधिकार- हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम के तहत नए नियमों के आधार पर पुश्तैनी संपत्ति पर महिला और पुरुष दोनों का बराबर हक है।

- पिता की संपत्ति पर अधिकार- भारत का कानून किसी महिला को अपने पिता की पुश्तैनी संपति में पूरा अधिकार देता है। अगर पिता ने खुद जमा की संपति की कोई वसीयत नहीं की है, तब उनकी मौत के बाद संपत्ति में लड़की को भी उसके भाइयों और मां जितना ही हिस्सा मिलेगा यहां तक कि शादी के बाद भी यह अधिकार बरकरार रहेगा।

विचार का चिराग बुझ जाने पर आचार अंधा हो जाता है। –बिनोवा भावे

- नाम न छापने का अधिकार- यौन उत्पीड़न की शिकार महिलाओं को नाम न छापने देने का अधिकार है, अपनी गोपनीयता की रक्षा करने के लिए यौन उत्पीड़न की शिकार हुई महिला अकेले अपना बयान किसी महिला पुलिस अधिकारी की मौजूदगी में या फिर जिलाधिकारी के सामने दर्ज करा सकती है।

- पति की संपत्ति से जुड़े हक- शादी के बाद पति की संपत्ति में तो महिला का मालिकाना हक नहीं होता, लेकिन वैवाहिक विवादों की स्थिति में पति की हैसियत के हिसाब से महिला को गुजारा भत्ता मिलना चाहिए,पति की मौत के बाद या तो उसकी वसीयत के मुताबिक या फिर वसीयत न होने की स्थिति में भी पत्नी को संपत्ति में हिस्सा मिलता है। शर्त यह है कि पति केवल अपनी खुद की अर्जित की हुई संपत्ति की ही वसीयत कर सकता है, पुश्तैनी जायदाद की नहीं।

- घरेलू हिंसा के खिलाफ अधिकार- ये अधिनियम मुख्य रूप से पति, पुरुष लिव इन पार्टनर या रिश्तेदारों द्वारा एक पत्नी, एक महिला लिव इन पार्टनर या फिर घर में रह रही किसी भी महिला जैसे मां या बहन पर की गई घरेलू हिंसा से सुरक्षा करने के लिए बनाया गया है,आप या आपकी ओर से कोई भी शिकायत दर्ज करा सकता है।

- रात में गिरफ्तार न होने का अधिकार- आपराधिक प्रक्रिया संहिता, सेक्शन 46 के तहत एक महिला को सूरज डूबने के बाद और सूरज उगने से पहले गिरफ्तार नहीं किया जा सकता. किसी खास मामले में एक प्रथम श्रेणी के मजस्ट्रिेट के आदेश पर ही ये संभव है। बिना वारंट के गिरफ्तार की जा रही महिला को तुरंत गिरफ्तारी का कारण बताना जरूरी होता है। उसे जमानत से जुड़े उसके अधिकारों के बारे में भी जानकारी दी जानी चाहिए, साथ ही गिरफ्तार महिला के नजदीकी रश्तिेदारों को तुरंत सूचित करना पुलिस की ही जम्मिेदारी है।

- पति-पत्नी में न बने तो- अगर पति-पत्नी साथ न रहना चाहें, तो पत्नी सीआरपीसी की धारा 125 के तहत अपने और बच्चों के लिए गुजारा भत्ता मांग सकती है, अगर नौबत तलाक तक पहुंच जाए, तब हिंदू मैरिज ऐक्ट की धारा 24 के तहत मुआवजा राशि तय होती है, जो कि पति के वेतन और उसकी अर्जित संपत्ति के आधार पर तय की जाती है।

- गरिमा और शालीनता के लिए अधिकार- किसी मामले में अगर आरोपी एक महिला है तो, उसपर की जाने वाली कोई भी चिकित्सा जांच प्रक्रिया किसी महिला द्वारा या किसी दूसरी महिला की उपस्थिति में ही की जानी चाहिए।

- मुफ्त कानूनी मदद के लिए अधिकार- बलात्कार की शिकार हुई किसी भी महिला को मुफ्त कानूनी मदद पाने का पूरा अधिकार है। रेप की शिकार हुई किसी भी महिला को मुफ्त कानूनी मदद पाने का पूरा अधिकार है। पुलिस थानाध्यक्ष के लिए ये जरूरी है कि वो विधिक सेवा प्राधिकरण को वकील की व्यवस्था करने के लिए सूचित करे।

- हम खुद को मॉर्डन कहते हैं, लेकिन सच यह है कि मॉर्डनाइजेशन सिर्फ हमारे पहनावे में आया है लेकिन विचारों से हमारा समाज आज भी पिछड़ा हुआ है, नई पीढ़ी की महिलाएं तो स्वयं को पुरुषों से बेहतर साबित करने का एक भी मौका गंवाना नहीं चाहती लेकिन गांव और शहर की इस दूरी को मिटाना जरूरी है।

हालांकि ऐसा कहना बेमानी होगा कि भारत में ऐसा नहीं हो रहा है यहां महिलाओं को उपयुक्त कानून बनाकर काफी शक्तियां दी गई है लेकिन ग्राउंड लेबल पर अभी भी बहुत ज्यादा काम करने की गुंजाइश है, इसके बावजूद महिलायें अपनी जिम्मेदारियां बखूबी और बेहद सुंदरता से और खास बात बगैर किसी अपेक्षा के निभाये जा रही हैं।

आखिर क्या है ये चमकी बुखार?

बिहार के मुजफ्फरपुर में रविवार को आठ और बच्चों की चमकी के कहर से मौत के बाद अब तक इससे मरनेवाले बच्चों की कुल संख्या बढ़कर 111 जा पहुंची है। लगातार हो रही बच्चों की मौत का यह आंकड़ा पिछले 15 दिनों तक का है। गर्मी बढ़ने से सुबह से गंभीर हाल में बच्चे को अस्पतालों में लाए जाने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। ऐसे में पूरे देश में चमकी बुखार को लेकर दहशत का माहौल है। विशेषकर वहां भी जहां, अभी तक इसका एक भी मामला सामने नहीं आया है। आइए जानते हैं क्या है चमकी बुखार, लक्षण और इसके उपाय।

'चमकी बुखार'या 'इंसेफ्लाइटिस'को बताया जा रहा है। एक्यूट इंसेफ्लाइटिस सिंड्रोम को कुछ लोग दिमागी बुखार, जापानी बुखार, चमकी बुखार आदि भी कहते हैं। ज्यादातर गर्मी और उमस के मौसम में फैलने वाली इस बीमारी ने बिहार में मेडिकल इमरजेंसी जैसे हालात ला दिए हैं। मरने वाले ज्यादातर बच्चे 1 से 10 साल की उम्र के हैं। इंसेफ्लाइटिस मस्तष्कि से जुड़ी समस्या है। हमारे मस्तष्कि में लाखों कोशिकाएं और तंत्रिकाएं होती हैं, जिनके सहारे शरीर के अंग काम करते हैं। जब इन कोशिकाओं में सूजन आ जाती है, तो इसे ही एक्यूट इंसेफ्लाइटिस सिंड्रोम कहते हैं। ये एक संक्रामक बीमारी है। इस बीमारी के वायरस जब शरीर में पहुंचते हैं और खून में शामिल होते हैं, तो इनका प्रजनन

शुरू हो जाता है और धीरे-धीरे ये अपनी संख्या बढ़ाते जाते हैं। खून के साथ बहकर ये वायरस मस्तष्कि तक पहुंच जाते हैं। मस्तष्कि में पहुंचने पर ये वायरस कोशिकाओं में सूजन का कारण बनते हैं और शरीर के'सेंट्रल नर्वस सिस्टम' को खराब कर देते हैं। इंसेफ्लाइटिस एक गंभीर और खतरनाक बीमारी है, जिसमें तुरंत इलाज की जरूरत होती है। अगर देर की जाए, तो व्यक्ति की जान जाने का खतरा बढ़ जाता है। बिहार में एक्यूट इंसेफ्लाइटिस के कारण पहले भी हजारों बच्चों की जानें जा चुकी हैं। यही नहीं, खास बात ये है कि ये बीमारी सिर्फ बच्चों ही नहीं, बल्कि वयस्कों और बुजुर्गों को भी प्रभावित कर सकती है।

लीची और चमकी बुखार का क्या है कनेक्शन?

रिपोर्ट बताती हैं कि शुरुआती मामलों में कुछ बच्चों में पाया गया कि संक्रमित बच्चों ने लीची का सेवन किया था। इसके बाद इस बात के सूत्र खोजे जाने लगे कि क्या लीची ऐसी बीमारी का कारण बन सकती है। बिहार में होने वाली मौतों में अभी लीची को वैज्ञानिक रूप से कारण नहीं पाया जा सका है। मगर 'द लैसेंट' नामक पत्रिका में 2017 में छपी रिपोर्ट, जो कि बिहार में ही 2014 में हुई मौतों के बारे में थी, बताती है कि लीची इस तरह की मौत का कारण बन सकती है।

दरअसल कच्ची या अधपकी लीची में हाइपोग्लायसिन ए 'तथा' मेथिलीन सायक्लोप्रोपाइल ग्लायसीन'नाम के तत्व पाए जाते हैं। देर तक खाना न खाने पर शरीर का ब्लड शुगर लेवल वैसे ही कम हो जाता है। ऐसे में अगर सुबह खाली पेट इन अधपकी या कच्ची लीचियों को खा लिया जाए, तो ये दोनों तत्व शरीर का ब्लड शुगर और ज्यादा घटा देते हैं, जिससे कई बार स्थिति जानलेवा हो सकती है। बिहार में कुछ मामलों में ऐसा देखा गया है कि मरने वाले बच्चों ने रात का खाना नहीं खाया था। हालांकि पिछले 2 सप्ताह में हुई मौतों के मामले में लीची कितनी जम्मिेदार है, इसका पता आगे जांच द्वारा ही चलेगा।

मस्तष्कि ज्वर (चमकी बुखार) के लक्षण: तेज बुखार आना, चमकी अथवा पूरे शरीर या किसी खास अंग में ऐंठन होना, दांत पर दांत लगना, बच्चे का सुस्त होना, बेहोश होना व चिउंटी काटने पर शरीर में कोई हरकत नहीं होना। ये लक्षण दिखते ही अपने नजदीक स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर डॉक्टर को दिखाएं। अगर इन लक्षणों को नजरअंदाज किया जा रहा है तो आगे चलकर ये गंभीर हो सकती है।

चमकी बुखार होने पर क्या करें: तेज बुखार होने पर पूरे शरीर को ताजे पानी से पोछें एवं पंखा से हवा करें ताकि बुखार कम हो सके। बच्चे के शरीर से कपड़ें हटा लें एवं गर्दन सीधा रखें। पारासिटामोल की गोली व अन्य सीरप डॉक्टर की सलाह के बाद ही दें। अगर मुंह से लार या झाग निकल रहा है तो उसे साफ कपड़े से पोछें, जिससे सांस लेने में कोई दिक्कत न हो। बच्चों को लगातार ओआरएस का धोल पिलाते रहें। तेज रोशनी से बचाने के लिए मरीज की आंखों को पट्टी से ढंके। बेहोशी व मिर्गी आने की अवस्था में मरीज को हवादार स्थान पर लिटाएं। अगर दिन में बच्चे ने लीची खाया है तो उसे रात में भर पेट भोजन कराएं। चमकी आने की दशा में मरीज को बाएं या दाएं करवट लिटाकर ले जाएं।

चमकी बुखार होने पर क्या न करें: बच्चे को खाली पेट लीची न खिलायें, अधपके अथवा कच्चे लीची को खाने से बचें। बच्चे को कंबल अथवा गर्म कपड़ों में न लपेटें, बच्चे की नाक न बंद करें। बच्चे की गर्दन झुकाकर न रखें। मरीज के बिस्तर पर न बैठे साथ ही ध्यान रखें की मरीज के पास शोरगुल न हो।

जानलेवा बुखार के लिए सामान्य उपचार व सावधानियां: 1.अगर आपके बच्चे में चमकी बीमारी के लक्षण दिखें तो सबसे पहले बच्चे को धूप में जाने से बचाएं। 2.बच्चा तेज धूप के संपर्क में न आने पाए। 3.बच्चों को दिन में दो बार स्नान कराएं। 4.गर्मी के दिनों में बच्चों को ओआरएस अथवा नींबू-पानी-चीनी का घोल पिलाएं। 5.रात में बच्चों को भरपेट खाना खिलाकर ही सुलाएं।

बच्चों को क्यों शिकार बना रहा है चमकी बुखार?

बिहार में जिन बच्चों को चमकी बुखार शिकार बना रहा है, उनमें से ज्यादातर बच्चे गरीब परिवारों से हैं और कुपोषण का शिकार हैं। खाने की उचित व्यवस्था न हो पाने के कारण ये बच्चे शारीरिक रूप से कमजोर हैं और इनका प्रतिरक्षा तंत्र यानी इम्यून सस्टिम (वायरस और बैक्टीरिया से फैलने वाले रोगों से शरीर को बचाने वाला सिस्टम) भी बहुत कमजोर है। ऐसे में वायरस के प्रभाव के कारण इन बच्चों का ब्लड शुगर बहुत जल्दी गिर गया।

आओ याद करें शहीद रामप्रसाद बिस्मिल की कुर्बानी

-कामरेड कृष्ण स्वरूप गोरखपुरिया

भारतीय स्वाधीनता सघर्ष के महानायक शहीद राम प्रसाद बिस्मिल का जन्म 11 जून,1897 को उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिला मे साधारण परिवार मे हुआ था। वह एक प्रख्यात क्रान्तिकारी के इलावा एक सवेदनशील कवि, शायर, साहित्यकार, इतिहासकार व लेखक के साथ-साथ बहुभाषी अनुवादक भी थे। भारत को सशस्त्र सघर्ष से आजाद करवाने का लक्ष्य लेकर विदेशी धरती पर गठित''गदर पार्टी''के आह्वान पर आए 8 हजार देशक्तों की 19 फरवरी,1915 की असफल बगावत के 60 से ज्यादा देशभक्तों

कलियुग में रहना है या सतयुग में यह तुम स्वयं चुनो। तुम्हारा युग तुम्हारे पास है। –विनोबा भावे

मे से 24 को लाहौर मे फासी की सजाए हुई थी। इनमे से एक भाई प्रमानन्द को हुई फांसी की सजा से उद्वेलित रामप्रसाद बिस्मिल ने ब्रिटिश साम्राज्यवाद को समूल नष्ट करने की शपथ लेकर क्रान्तिकारी बन गये।

चन्द्रशेखर आजाद के नेतृत्व मे 1924 मे गठित हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एशोसिएसन के प्रमुख सतम्भ बनने से पूर्व सभी युवकों की तरह शहीद बिस्मिल ने 1920-22 के महात्मा गाधी के आह्वान पर चले असहयोग आन्दोलन मे भी हिस्सा लिया था, परन्तु असहयोग आन्दोलन की बेवजह अचानक वापसी से रामप्रसाद बिस्मिल ने सशस्त्र सघर्ष की तरफ कदम बढाया। उन्होंने अपने 9 अगस्त,1925 को ऐतिहासिक काकोरी रेल डकैती की घटना को अजाम दिया, जिसे अंग्रेजी सरकार ने एक बडी.चुनौति के रुप मे लिया और चन्द्रशेखर आजाद के इलावा सभी अभियुक्तो को गिर्फतार कर लिया और मुकदमे का नाटक करके रामप्रसाद बिस्मिल,अशफाकउल्ला खाँ, राजेन्द्र लाहिडी और रोशन सिह को फासी पर लटकाने का हुक्म दिया गया। 19 दिसम्बर,1927 को गोरखपुर जेल मे फांसी पर लटका उन्हे शहीद कर दिया गया। उनकी शहादत से प्रेरणा लेकर कितने ही देशभक्त उनका यह गीत 'सरफरोशी की तमन्ना आज हमारे दिल में है...' 'देखना है जोर कितना बाजुए कातिल में है' गाते हुए युवक फांसी के फंदे पर चढ गये। इतिहास की विडम्बना देखिए कि जिस क्रान्तिकारी भाई प्रमानन्द की फासी की सजा से उद्वेलित रामप्रसाद बिस्मिल तो शहीद हो गया, परन्तु भाई प्रमानन्द की फासी उम्रकैद मे बदल गयी और वह कालापानी की सजा काट जिन्दा भारत आ गया। उस महान शहीद शिरोमणि रामप्रसाद बिस्मिल को राष्ट्र उसके जन्मदिन पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।

हिन्दू राष्ट्रवाद का प्रखर प्रतिरोध रचती एक पुस्तक!

– डॉ० धर्मचन्द्र विद्यालंकार

आजकल जो धार्मिक या आध्यात्मिक अस्मिता विमर्श का विषय बेवजह से बना दिया गया है, उसी विषय पर श्री शशि थरूर द्वारा आंग्ल भाषा में लिखित एक पुस्तक "Why I am a Hindu" से हम अभी-अभी गुजरे हैं। भूमिका में ही इस लेखक ने अपने मन्तव्य को स्पष्ट कर दिया है। यह लेखक पूर्णतः नास्तिक नहीं है, बल्कि एक निष्ठावान हिन्दू ही है। साम्यवादी चिन्तक भी नहीं है कि जो धर्ममात्रा को ही मानवीय दुर्बलताओं और दमनशीलता का एकमात्रा कारण कहीं मानता हो। श्री शशि थरूर एक परम्परावादी धर्मनिष्ठ हिन्दू हैं, लेकिन हिन्दुत्ववादी कदापि वे नहीं हैं।

इस लेखक ने सर्वप्रथम हिन्दूत्व का जो शास्त्रीय और व्यावहारिक व्यापक स्वरूप है, उसको ही स्पष्ट किया है। उसने वेदों और उपनिषदों से गीता और दर्शनों तक से जो एक सर्वसमन्वयशील और सहिष्णुता की पावन परम्परा हिन्दु विचार-दर्शन की रहीं हैऋ उसी का निदर्शन श्री शशि थरूर ने इस पुस्तक की पृष्ठभूमि में किया है। उन्होंने यहाँ पर यह उद्धृत किया है कि स्वयं वैदिक-साहित्य में ईश्वर के नाना नामों की सहर्ष स्वीकृति मिलती है- 'एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्ति' अर्थात् विद्वान लोग एक ही मूल-सत्ता को नाना नाम रूपों में मानते हैं। यही क्यों, अथर्ववेद के पृथिवी सूक्त में एक देश या राष्ट्र में बहुत सारे धर्मों और भाषाओं तथा जनों या लोगों को एक परिवार की भांति सहअस्तित्व के साथ रहने का सद्परामर्श दिया गया है-

''धर्माणं नाना बहुधा विाचसम्
जनं विभ्रति पृथिवी यथोकसम्।।''

अतएव हमारे वेद-शास्त्रों से लेकर उपनिषद् काल तक भी हमें भारत में बहुलवादऋ या पिफर अनेकान्तवाद की सहनशक्ति की प्रखर परम्परा मिलती है। उपनिषदों में तो 'एको देव सर्व भूतेषू गूढः' कहकर एक ही सर्वव्यापक सत्ता को स्वीकार करके सर्वात्मवादी विचार-दृष्टि का ही प्रचार किया गया है। गीता में भी यही कहा गया है- ''शनि चैव श्वपाके च पण्ड़िता समदर्शिनः''।

अर्थात् ज्ञानियों को एक विद्या विनय सम्पन्न ब्राह्मणं और एक कुतिया और एक चांडाल में भी उसी एकमात्रा परमसत्ता के दर्शन होते हैं। शंकराचार्य के वेदान्त दर्शन या अद्वैतदर्शन की आधार-भित्ति भी तो यही एकत्व की वैश्विक अनुभूति है। बौद्ध धर्म-दर्शन ने भारतीय मानव-मनीषा को कार्य-कारण श्रृंखला या प्रतीत्य समुत्पाद का सिद्धान्त देकर तर्क की तलवार और विवेक-बुद्धि भी दी है। अतएव अंधास्था का वहाँ पर अस्वीकार ही है। सेवा और जीव-दया या क्षमा-स्नेह और सहकार एवं करुणा, सहानुभूति जैसे मानवीय मूल्य उसने हमें दिये हैं। तो जैन धम-दर्शन ने हमें अपरिग्रह, अंहिसा और अनेकान्तवादी सहिष्णु विचार-वैभव दिया है। 'अंहिसा ही परमो धर्मः' मानव मनीषा का चूडान्त विचार-शिखर है। सबसे बडी देन जैन-दर्शन की यह है कि उसने सत्य को केवल एकान्त आग्रही दृष्टि से देखकर एकपक्षीय ही स्वीकार नहीं किया है। अपितु उसे बहुआयामी और अनेकों पहलुओं से देखने और परखने की एक विवेकवादी जीवन-दृष्टि भी हमें दी है। अतएव श्रमण-संस्कृति के पुण्य प्रभाव से ही भारतवर्ष में शास्त्रार्थों की पावन परम्परा प्रचलित थीऋ जिसमें विरोधी विचारों को भी सुनने और समझने की गुंजाईश तर्कशीलता के कारण थी। और तो क्या, हिन्दू धर्म को मूर्तिपूजा और अवतारवाद की अवधारणाएँ भी उसी ने दी हैं।

आधुनिक युग में राजा राममोहन राय एवं केशवचन्द सेन और स्वामी दयानन्द सरस्वती और रामकृष्ण परमहंस से लेकर स्वामी विवेकानन्द से लेकर महात्मा गांधी और चक्रवर्ती राजगोपालाचार्य तक की चिन्तन-दृष्टि में श्री थरूर भारतीय आध्यात्मिकता की इसी सर्वसमावेशी और व्यापक धार्मिक विचार-परम्परा को देखते हैं। लेकिन जब से सेमेटिक इस्लाम की भाँति हिन्दूज्म को हिन्दूत्व का नया नाम देकर कुछ सांस्कृतिक राष्ट्रवादी लोगों ने उसको राजनीतिक मताग्रह ही बना दिया है। तभी से हिन्दू धर्म ने अपनी सर्वसमन्वयशीलता और सहिष्णुता की पुनीत परम्परा में संकुचन ही पाया है। विशेषकर आधुनिक युग में विनायक दामोदर सावरकर और स्वयं सेवक-संघ तथा हिन्दू महासभा के लोगों ने आध्यात्मिक हिन्दुज्म को एक असहिष्णु मतवाद और एक विभेदक राजनीतिक अस्मिता-विमर्श में ही तो बदल दिया है।

प्रलय होने पर समुद्र भी अपनी मर्यादा को छोड़ देते हैं लेकिन सज्जन लोग महाविपत्ति में भी मर्यादा को नहीं छोड़ते। –चाणक्य

इस पुस्तक के लेखक के अनुसार जिन्हा से भी पूर्व 1923 ई० में वीर सावरकर ने ही सर्वप्रथम भारतवर्ष में दो धर्मों पर आधारित नस्लवादी राष्ट्रवाद का नव्य नारा दिया था। उनके लिए जो भी हिन्दू-धर्म के कर्मकाण्ड़ या पूजा-पद्धति में अटूट विश्वास रखते हों और स्वयं को हिन्दू मानते होंऋ वही यहाँ पर रहने वाले बसने के अधिकारी थे। शेष गैर हिन्दू अल्पसंख्यक लोग यहाँ पर दोयम दर्जे के ही नागरिक माने जाएंगें। इसी संकीर्णतावादी राजनीति हिन्दूत्व का विस्तार हमें राष्ट्रीय स्वयं संघ की सांस्कृतिक राष्ट्रवादी विचार-दृष्टि में मिलता है। वे भी हिन्दू-देवी देवताओं में अचल और अटल विश्वास रखने वाले भारतीयों को ही हिन्दू और भारत के मूल नागरिक मानते हैं। जिनके आस्था-स्थल भारत से बाहर हैं, ऐसे अहिन्दू लोग उनकी संकीर्ण दृष्टि में केवल अतिथि भर ही है। अतएव उनको मतदान तक भी अधिकार नहीं होना चाहिए और ना ही यहाँ पर सम्पत्ति-संचय और बोलने या लिखने की आजादियाँ ही हासिल होनी चाहिए। जबकि हिन्दू स्वयं में कभी एक भौगोलिक संज्ञा ही थी, जिसको वर्तमान में बलपूर्वक धार्मिक पहचान दे दी गई है।

सावरकर से लेकर राष्ट्रीय स्वयं-सेवक-संघ तक की उसी असमन्वयशील और असहिष्णु विचार-दृष्टि के ही विरोध में श्री शशि थरूर इस पुस्तक को लिखने को तत्पर हुए हैं। हिन्दू धर्म की वर्ण-व्यवस्था वाली जो सीढीनुमा विषमतावर्धक वर्ण-व्यवस्था किवां जाति-व्यवस्था हैऋ उसी को वे दलितों-वंचितों एवं स्त्रियों के विरोध में खड़ी पाते हैं। कहाँ एक ओर शास्त्रीय हिन्दू धर्म 'वसुधैव कुटम्बकम्' का डिण्डिम घोष तारस्वर में अनवरत भाव से किया करता है। कहाँ, दूसरी ओर उसने अपने ही आधे नारी समाज और चतुर्थांशं शूद्र समाज को पशुतुल्य जीवन जीने के लिए विवश अस्पृश्यता और जातिगत भेदभाव के चलते किया है। अब राजनीतिक धरातल पर हिन्दू-एकता के नाम पर बाबरी-मस्जिद; 1992 ई० के विध्वंस के पश्चात हिन्दूत्व के एक विध्वंसक और हिंसक स्वरुप का ही तो अग्र उभार हुआ है। जोकि परम्परागत हिन्दू धर्म के अपने जो मूलभूत जीवन-मूल्य हैं, उनके ही तो वह विरोध में खड़ा है? स्वयं मनुस्मृति में धर्ममात्रा के ये दस लक्षण गिनाये गये हैं-

''धृति क्षमा दशोअस्तेयं शौचमिन्द्रियं निग्रहः
धीविद्या सत्यमक्रोधो दशकम् धर्मलक्षणम्।।

क्या अबका राजनीतिक हिन्दूत्व या सांस्कृतिक राष्ट्रवाद इन तंत्वों को स्वीकृति देता है?

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संघ संचालक मोहन भागवत का यह ब्यान क्या दिखलाता है- ''जब इंग्लैंड के निवासी सभी अंग्रेज हैं और प्रफांस में रहने वाले प्रफैंच कहलाते हैं तो पिफर प्रत्येक भारतवासी को स्वयं को हिन्दू कहलवाने में क्योंकर संकोच का अनुभव होता है।'' अब आप देखिये कि जब आप राष्ट्रीयता को धर्म के पैमानों से परिभाषित करेंगें तो तब हिन्दू एक राष्ट्रीयता किंवा जातीयता कैसे मानी जा सकती है। तब तो वह एक विशिष्ट धार्मिक पहचान मात्रा ही बनकर रह जायेगी। शशि थरूर यहाँ पर एक बात को और अधिक पुरजोर उठाते हैं कि एक ओर सांस्कृतिक राष्ट्रवादी लोग यह कहते हैं कि 'गर्व से कहो हम हिन्दू हैं'। दूसरी ओर जब वे उसका या अपने मतवाद किंवा धर्मोन्माद का अनुचित आरोपण राष्ट्रीयता या जातीयता पर करते हैं तो तब वे सुप्रीम कोर्ट के एक जज साहब की इस टिप्पणी को नो अपना वेद-वाक्य क्यों बना लेते हैं- ''हिन्दू एक जीवन-पद्धति है, वह एक विशेष मत-पंथ या पूजा-प्रणाली नहीं है।'' तब पिफर सभी का बलाद् हिन्दूकरण करने का धार्मिक उन्माद क्यों पफैलाया जाता है?''

पिफर 'घर-वापसी' और 'लव-जिहाद' या 'रोमियो जुलियट' जैसी अलोकतांत्रिाक और विखंडनकारी मुहिम क्योंकर चलाई जाती हैं। अल्पसंख्यकों का बलाद् हिन्दूकरण और हिन्दुओं का सैनिकीकरण करके एक सिविल-मिलेशिया की सशस्त्रा भीड़ इकट्टी करके मौब-लिचिंग गोरक्षा के नाम पर क्यों कराई जाती हैं। जबकि यह वस्तुसत्य है कि हिन्दू वास्तव में ही कोई मत-पंथ या धर्म-विशेष नहीं है। यह लेखक यह रेखांकित करता है कि धर्मों की पहचान है कि उनका एक विशिष्ट आराध्य अथवा उपास्य देव होता है तो एकमात्रा पवित्रा धर्मग्रंथ भी रहता ही है। उनकी उपासना-पद्धति भी लगभग एक समान ही रहती है। ये दोनों-तीनों बातें आपको ईसाईयत और इस्लाम में मिलेंगी लेकिन हिन्दू धर्म तो बहुदेवोपासक है और बहुत सारे धर्मग्रन्थों में विश्वास रखता हैऋ अतएव वह सामी अथवा एकेश्वरवादियों की भाँति एकाश्म या एकात्म भी कहाँ है। पं० दीनदयाल का एकात्म-मानववाद भी तो हिन्दुओं को सेमेटिक ही मानता है। संघी धर्म-धुरन्धर उसको इस्लाम की भाँति एकात्म ही बना दे रहे हैं।

श्री शशि थरूर यहाँ पर यह मानते हैं कि हिन्दू धर्म-दर्शन की इसी उदासीनता और सहिष्णुता ने उसे विशाल सागर जैसा स्वरुप दिया है। जिस प्रकार से समुद्र में बहुत-सी जलधाराओं का जल आकर एकाकार ही हो जाता है, उसी प्रकार से उदार हिन्दू धर्म भी ग्रहणशील और सर्वसमावेशी ही है। जबकि भाजपा या संघ का हिन्दूत्व आध्यात्मिक उदारता से सर्वथा रहित ही है। बल्कि वह तो अत्यन्त आग्रहशील ही हैं, संग्रहणशील या सहिष्णु कहाँ है। इस विषय में हमें भी एक दृष्टान्त स्मरण हो आया है। दिल्ली के एक सूपफी संत काले खां साहब एक बार वृन्दावन में बाँके-बिहारी के दर्शनार्थ गये हुए थे तो वहाँ के पुजारियों ने उनको देव-दर्शन नहीं करने दिये थे क्योंकि वे श्रीकृष्ण को केवल हिन्दुओं का ही आराध्य देव मानते थे। अतएव उन्होंने काले खाँ साहब के देवदर्शनों से वंचित करने की गरज से द्वारकाधीश के पट बन्द कर दिये थे। तब श्री कालेखाँ सूपफी सन्त जोकि एक ब्रजभाषा के अच्छे कवि भी थे, उन्होंने श्रीकृष्ण से ही सीधा संवाद स्थापित किया था-

'जो हौ तुम हिन्दूपति तौ मैरो कछु दावौ नहीं।
जो हौ जगपति तो मेरी भी सुध लीजिए।''

उनके ऐसा बोलते ही पण्ड़े-पुजारियों के मुँह पर जैसे थप्पड़-सा लगा था। कहाँ तो वे स्वयं श्रीकृष्ण को तीन लोकों का नाथ दिन-रात बखानते थे, उनकी आरती-पूजा में और कहाँ समस्त भारतियों को भी अब उसके दर्शनों से वंचित कर रहे थे। अतः उन्होंने तुरन्त ही उस सूपफी-संत को कान्हा के दर्शन कराये थे। यही व्यापक हिन्दूज्म और कट्टर राजनीति हिन्दूत्व की अवधारणाओं में मूलभूत अन्तर है। जब बावरी मस्जिद का विध्वंस (1992 ई०) में इन्हीं संघी साम्प्रादायिक योद्धाओं ने संविधान की झूठी कसम खाकर भी असंवैधानिक रूपेण किया था, उत्तर भारत की दिवारों पर विशेषकर दिल्ली में यह नारा गली-गली में अंकित था- ''बच्चा-बच्चा राम का।'' इसके विरोध में धर्मनिरपेक्ष विचार धारा के एक 'सहमत' नामक साहित्यिक संगठन ने उसी के नीचे यह नारा उत्तरस्वरूप लिखवा दिया था -

''जब बच्चा-बच्चा राम का, तो पिफर झगडा किस काम का।''

अहंकार से तप नष्ट हो जाता है और इधर–उधर कहने से दान निष्फल हो जाता है। – मनु

उदार हिन्दू धर्म स्वयं में व्यापक और उदार है जबकि संकीर्ण और कट्टर हिन्दूधर्म कूपमंडक और सम्प्रदायवादी और हिंसक और असहिष्णु भी है।

जो लोग आजकल मध्यमार्गी राष्ट्रीय कांग्रेस के नरम हिन्दूत्व की भी मुखर आलोचना किया करते हैं, इस लेखक के मतानुसार वह उचित नहीं है। वह यह मानता है कि स्वयं स्वामी विवेकानन्द ने शिकागो के अपने एतिहासिक उद्‌बोधन में हिन्दू धर्म की विशेषता विविधता किंवा बहुलता और सर्व स्वीकृति को ही माना था। इसलिए ''अनेकता में एकता' ही तो भारतवर्ष और हिन्दू धर्म की अनन्य विशेषता है। शशि थरूर को अपने पोंगल के पर्व पर नाज है तो वे स्वयं सबरी माला के अयप्पा स्वामी के भी भक्त वे हैं। जहाँ पर मिथ्या धर्मध्वजी लोग उच्चतम न्यायालय के आदेशों के बावजूद भी महिलाओं के प्रवेश को प्रतिबन्धित करते हैं। इस लेखक को केरल के नारायण गुरू पर भी नाज है, जिनका यह संदेश था–

जो दीन-दुखी जन से प्रतिक्षण अनुभव करते हैं अपनापन,
हैं वे ही साधु और सज्जन। समझो उनमें ही है भगवन।

सेवा, दया अथवा करुणा स्नेह और सहानुभूति या दान और परोपकार-परायणता लगभग यही सभी धर्मों के आन्तरिक मूलतत्त्व हैं। झगडा केवल बाह्य कर्मकांड अथवा उपरी दिखावों को लेकर ही हैं। जिस भगवद्‌गीता को हिन्दू धर्म की सर्वमान्य पुस्तक माना जाता है, उसमें भी श्रीकृष्ण यही उपदेश देते हैं कि मुझे जो भी भक्त जिस रूप में ध्याता है मैं उसे उसी रूप में ही उपलब्ध होता हूँ।'' पिफर भी पूजा-पाठ या नमाज अथवा टोपी और दाढी या कंठी और क्रॉस को लेकर रक्तिम संघर्ष क्यों हैं? महात्मा गाँधी और चक्रवर्ती राज गोपालाचार्य धार्मिक या महापुरुष थे लेकिन वे अनुदार और साम्प्रदायिक कदापि नहीं थे। बल्कि वे सर्वधर्म सद्‌भाव के ही सबल समर्थक ही थे।

अतएव हिन्दू स्वाभिमान या 'गर्व से कहो हम हिन्दू हैं' जैसी गर्वोक्तियों या उत्तेजक नारों से हमें बचना ही होगा। जब हम वसुधैव कुटुम्बकम्' का उद्‌घोष अहर्निश करते हैं तो इस लेखक को यह बात विचित्रा लगती है कि हम अपने ही राष्ट्र के नागरिकों से नपफरत करें धर्म-संस्कृति को लेकर। क्योंकि संस्कृति कोई किसी धर्म विशेष की बंधक कहाँ है, बल्कि वह तो लगभग सभी धर्मों का सार स्वरूप ही तो है। अतएव हम हिन्दू संस्कृति के बजाय भारतीयता की बात क्यों नहीं करते। श्री शशि थरूर राष्ट्रीय एकता और अखण्ड़ता के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। अतएव उन्हें विभाजनकारी या विध्वंसकारी राजनीतिक हिन्दूत्व कदापि स्वीकार्य नहीं है। यह पुस्तक भी हमें सहिष्णु और समन्वयशीलता का ही संदेश देती है।

जिस सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की घनघोर वकालत भाजपा अथवा संघी लोग करते हैं, वह असहिष्णु और हिसंक तथा कट्टर धार्मिक मतवाद पर ही तो आधारित होगा। क्योंकि हजारों वर्ष पुराने गले-सड़े शास्त्राीय ध र्मादेशों का तब बलाद आरोपण वर्तमान में किया जायेगा। स्मृति-संहिताओं के सहस्त्रों वर्ष पुराने नियम-विधान वैस भी वर्तमान में प्रासंगिक कहाँ रह गये हैं। मनुस्मृति में जिन विशेषाधिकारों की वकालत द्विजातियों के लिए की गई है, उसे अब कौन मानेगा। इसी प्रकार से स्त्रियों और शूद्रों को जो वहाँ पर मूलभूत मानव अधिकार शिक्षा और समपत्ति से वंचित किया गया है, क्या वे हमारे वर्तमान संविधान की समता और समानता मूलक संकल्पनाओं का ही सर्वनाश नहीं कर देंगी। अतएव इस पुस्तक के लेखक हमें बजाय नॉस्ट्रलेजिक या अतीतान्ध बनने के भविष्योन्मुख ही तो बनाना चाहते हैं। वे महाभारत के कर्ण और एकलव्य तथा रामायण के शम्बूक की भाँति दलितों और पिछड़ों को हिन्दू राष्ट्रवाद के नाम पर एक बार पुनः उसी दुरावस्था में धकेलने के सर्वथा विरोध में ही हमें यहाँ खड़े दिखाई दे रहे हैं। अतएव यह पुस्तक पठनीय और साथ ही साथ विचारोत्तेजक भी हैं।

सांस्कृतिक राष्ट्रवादी लोग हिन्दू जाति को ही न जाने क्यों हिन्दू धर्म मान बैठे हैं। इसीलिए आज उनका उतना बल जयहिन्द के हमारे नारे पर नहीं है जोकि हमें हमारे महान क्रांतिकारी ओर अमर स्वतंत्राता सेनानी श्री सुभाष चन्द्र बोस ने दिया था। भाजपा और संघ के लोग वैसे तो अहर्निश उनके नाम का मन्त्राजाप करते हैं लेकिन उनके दिये गये एक राष्ट्रीय सम्बोध न जयहिन्द के प्रति उन्हें इतनी अनुरक्ति क्यों नहीं है जितनी कि वन्देमातरम् के प्रति है। क्योंकि उनका बल निःसन्देह बजाय हिन्दू शब्द के अब हिन्दुत्व पर ही कहीं अधिक है। इसी प्रकार से भगतसिंह का नाम ये लोग लगातार लेते हैं और राष्ट्रीय कांग्रेस पर क्रांतिकारियों की उपेक्षा के आरोप को भी अहर्निश दोहराते रहते हैं लेकिन उनके जयनाद 'इंकलाब जिन्दाबाद' की तो आज जैसे इन्होंने इतिश्री ही कर दी है।

अब बजाय भारत को भारत कहने के सांस्कृतिक राष्ट्रवादियों का बल हिन्दुस्तान पर अधिक है? क्योंकि वे इसे केवल हिन्दुओं का ही तो देश मानते हैं। अल्पसंख्यक मुस्लिमों के प्रति उनके मन में वही घोर घृणा है जैसी कि कभी जर्मन नाजियों के मन में यहूदियों के प्रति भरी हुई थी। 1982 ई० के बाबरी मस्जिद ध्वंस के पश्चात ही सारे देश भर में साम्प्रदायिकता का ताण्ड़व नर्तन मचा है ऐसी इस लेखक की मान्यता है, वरना उससे पूर्व स्थानीय स्तर पर ही छुटपुट साम्प्रदायिक दंगे होते थे। लेकिन अब तो तो वही स्वयं सत्ता के सिरमौर बने बैठे हैं। अतएव अन्त में हम भी अपनी बात को इस से समाप्त करना चाहेंगें–

''खुदा के इन बंदो को देखकर ही उससे मुन्किर हुई है दुनियाँ,
जिसके ऐसे हैं बंदे, वो कोई अच्छा खुदा नहीं है।''

आवश्यक सूचना

जाट सभा चंडीगढ़/पंचकुला के सभी आजीवन सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने पत्र व्यवहार का संपूर्ण पता, मोबाईल व दूरभाष सहित जाट सभा कार्यालय को भेजने की कृपा करें ताकि आपको जाट सभा द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका - जाट लहर व सभा द्वारा आयोजित किये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की सूचना नियमित तौर से भेजी जा सके।

आर.के. मलिक, महासचिव
जाट सभा चंडीगढ़/पंचकुला

पेज–1 का शेष

"Bhai Surinder Singh Malik Memorial On The Spot All India Essay Writing Competition" For College/University Students & School Students of Class X, XI & XII on 04th July, 2019.

Jat Sabha, Chandigarh organizes **Bhai Surinder Singh Malik Memorial on the Spot All India Essay Writing Competition** for College/University and school students of classes X, XI & XII every year. This year Competition will be held on 04.07.2019 at the following Centres from 10 to 11 A.M. in two categories i.e. Urban and Rural areas.

Sr. No	Name & Address of Centre	Name of Controller of Examination.
1.	Moti Ram Arya Senior Secondary Sector 27-A, Chandigarh.	Dr. Seema Biji, Principal
2.	Ch. Bharat Singh Memorial Sports School Nidani, Distt. Jind (Haryana)	Sh. Dalip Singh Malik, Director
